आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 19.07.2024 समय: 2.10 PM

प्रादेशिक समाचार

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह की 28 तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे. प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने सुझाव MyGov, नमो ऐप पर भेजने या 1 8 0 0-1 1 7 8 0 0 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता भी व्यक्त की है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्हें आगामी मन की बात कार्यक्रम के लिए कई सुझाव मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा है कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि कई युवा विशेष रूप से समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाल रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय-नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी-2024 के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ, मेडिकल प्रवेश परीक्षा से जुड़ी लगभग 40 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इसी बीच, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की एक छात्रा सुरभि कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उसका मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिये हैं। सुरभि ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए नीट परीक्षा के पेपर हल किए थे।

सीबीआई अनुमति

प्रदेश में अब सीबीआई बिना राज्य सरकार की अनुमति के कोई जांच नहीं कर पाएगी। गृह विभाग ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. यह व्यवस्था 1 जुलाई 2024 से प्रभावशील मानी जाएगी। गृह विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि यह व्यवस्था पहले से लागू थी। चूंकि अभी भारतीय न्याय संहिता लागू हुई है। इस वजह से यह नोटिफिकेशन जारी करना जरूरी

था। गौरतलब है कि अभी सीबीआई को पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली और पंजाब में किसी केस की जांच के पहले वहां की सरकार से अनुमति लेनी होती है।

विश्वव्यापी - आईटी खराबी

माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और बडे उद्योगों, बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस का काम काज बाधित हुआ है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलांइस का कामकाज पूरे देश में बंद हो गया है।

मौसम

प्रदेश में अब तक औसतन 11 दशमलव 1 इंच बारिश हो गई है, जो मानसूनी कोटे की कुल बारिश का 30 फीसदी है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज भी राजगढ़, रायसेन, हरदा, बैतूल और बालाघाट में तेज बारिश हो सकती है। इससे पहले कल भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल में करीब एक घंटा तेज बारिश हुई। इस दौरान 38 मिमी यानी डेढ़ इंच पानी गिर गया। सबसे ज्यादा 3 इंच बारिश ग्वालियर में हुई। मंडला में 1दशमलव 7 इंच पानी गिर गया। रायसेन, छिंदवाड़ा, रीवा, सागर और बालाघाट जिले के मलाजखंड में भी तेज बारिश हुई।

महिला क्रिकेट

महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से श्रीलंका में शुरू हो रही है। वर्तमान चैंपियन भारत का मैच आज दांबुला में पाकिस्तान के साथ होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम सात बजे से खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में शामिल आठ देशों को दो समूहों में बांटा गया है। भारतीय टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, नेपाल और यूएई के साथ रखा गया है। भारत ने इससे पहले 2022 में महिला एशिया कप जीता था और अब तक सात बार एशिया कप खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी भारतीय टीम के नाम है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

1. शिवपुरी जिले के विकासखंड करैरा के उप स्वास्थ्य केंद्र सिलानगर और विकासखंड कोलारस के उप स्वास्थ्य केंद्र भड़ौता को राष्ट्रीय स्तर से राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक एनक्यूएस सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

2. नर्मदापुरम जिले के आदिवासी बाहुल्य सुखतवा, केसला में भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किए गए रोजगार मेले में 300 युवक-युवतियों में से 167 का प्राथमिक चयन किया गया है।

3. मनासा क्षेत्र के विधायक अनिरूद्ध मारू ने गांव कुण्डला में राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व सेवा शिविर का शुभारंभ किया ।

4. आगरमालवा जिले में नीमच-भोपाल राजमार्ग-41 पर सारंगपुर मार्ग पर ग्राम पालड़ा के समीप बीती रात दो बाइक की भिडंत में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.

....